पत्रांक–डी०डी०–1–विविध–54 / 2024–25(पार्ट–I)......................

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

सुरेश प्रसाद प्रभाकर,
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

सेवा में,

सभी कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांक..........................

विषयः– **पंचायत सरकार भवन निर्माण से संबंधित डाटा की प्रविष्टि निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर करने के संबंध में।**

प्रसंगः– अपर सचिव, पंचायती राज विभाग का पत्रांक–909 / पं०रा० पटना, दिनांक–21.01.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा पंचायत सरकार भवन निर्माण से संबंधित डाटा को संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा विहित प्रपत्र में प्रत्येक माह निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर अद्यतन करने का अनुरोध किया गया है। प्रतिवेदन अपलोड किये जाने हेतु पंचायती राज विभाग द्वारा User-ID & Password भी उपलब्ध कराया गया है।

विदित हो की उक्त प्रतिवेदन के आधार पर ही प्रशासी विभाग द्वारा योजनाओं का अनुश्रवण एवं राशि की विमुक्ति की जाएगी।

अतः प्रत्येक माह की 20 तारीख तक निश्चय सॉफ्ट पोर्टल पर प्रगतिवार भौतिक और वित्तीय प्रतिवेदन की प्रविष्टि नियमित रूप से करना सुनिश्चित किया जाय।

कृपया इसे अतिआवश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन

ह० / –
(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– दिनांक–

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता / अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृपया अपने स्तर से भी सभी कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल को निदेशित करने की कृपा की जाय।

ह० / –
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– दिनांक–

प्रतिलिपिः– अपर सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह० / –
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

ज्ञापांक– 1146 (अ) दिनांक– 03/2/26

प्रतिलिपिः– आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट अपलोड करने हेतु प्रेषित।

3.2.26

अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव

E:\New DD2 Letter.Docx